web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 11 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 16

# हमास-इजराइल संघर्ष : मरने वालों का आंकड़ा 1,600 के पार, हमास ने दी इस्राइली बंधकों की हत्या की धमकी



जेरूसलम ,10 अक्टूबर । हमास और इजराइल के बीच संघर्ष मंगलवार को चौथे दिन भी जारी रहा। दोनों पक्षों में मरने वालों की संख्या लगभग 1,600 हो गई है, जबकि हजारों लोग घायल हुए हैं और अपने घरों से विस्थापित हुए हैं। इसी बीच हमास ने धमकी दी है कि अगर गाजा पट्टी पर हमले नहीं रुकते हैं तो वह इस्राइली बंधकों की हत्या कर देगा।

रिपोर्ट के अनुसार सात अक्टूबर को हमास द्वारा दक्षिणी इजरायल पर अचानक हमला किए जाने के बाद से 900 से अधिक लोग मारे गए हैं। 900 में से 260 लोगों की हमास के बंदूकधारियों ने एक संगीत समारोह में हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढने की आशंका है, क्योंकि बचाव दल अभी तक उन क्षेत्रों तक नहीं पहुंच पाए हैं, जहां हमास के आतंकवादी और इजरायली सैनिक अभी भी भीषण लड़ाई में लगे हुए हैं।

इजरायली स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने नवीनतम अपडेट में कहा कि घायल लोगों की संख्या 2,616 हो गई है, इनमें 25 की हालत गंभीर है। गाजा में आतंकवादी समूहों ने यह भी दावा किया है कि फिलिस्तीनी क्षेत्र में लगभग 130 इजरायली बंधकों को रखा गया था। इस बीच, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि गाजा पट्टी पर जवाबी इजरायली हमलों में मरने वालों और घायलों की संख्या क्रमश: 687 और 3,726 हो गई है।

संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के अनुसार, गाजा में इसके आपातकालीन आश्रय स्थल मंगलवार सुबह तक 90 प्रतिशत क्षमता पर थे और 137,000 से अधिक लोग आश्रय ले रहे थे। एजेंसी ने कहा कि 83 यूएनआरडब्ल्यूए स्कूलों को आश्रय स्थलों में बदल दिया गया है। यूएनआरडब्ल्यूए ने यह भी कहा कि उन्हें सभी 14 खाद्य वितरण केंद्रों को बंद करने के लिए मजबूर किया गया है और परिणामस्वरूप पांच लाख लोगों को महत्वपूर्ण खाद्य सहायता मिलनी बंद हो गई है।

### गाजा बार्डर पर इजराइल का कब्जा, 1,500 हमास आतंकियों की लाशें मिलीं

इजराइल की सेना ने मंगलवार को हमास के साथ अभूतपूर्व लड़ाई के चौथे दिन दावा किया कि उसके पास इजराइल में मिले हमास आतंकवादियों के लगभग 1,500 शव हैं। इजरायली रक्षा बलों के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता रिचर्ड हेचट ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि गाजा पट्टी के आसपास इजरायल में हमास (उग्रवादियों) के लगभग 1,500 शव पाए गए हैं।

सुरक्षा बलों ने गाजा के चारों ओर सुरक्षा बाड़ के क्षेत्र पर कमोबेश नियंत्रण बहाल कर लिया है, जिसे हमास के आतंकवादियों ने तोड़ दिया था। तटीय फिलिस्तीनी एन्क्लेव के आसपास के क्षेत्र में 35 बटालियन तैनात की गई हैं। सीमा से सटे समुदायों के निवासियों को निकालने का काम लगभग पूरा हो चुका है। इज़रायली राज्य मीडिया और एन्क्लेव में सशस्त्र समूहों के अनुसार, इज़रायल में कम से कम 900 लोग मारे गए हैं, जबकि गाजा में लगभग 130 नागरिकों और सैनिकों को बंधक बनाया गया है।

### हमास ने इजरायली हमलों के खिलाफ नई वायु रक्षा प्रणाली तैनात की

**गाजा ।** हमास की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने कहा है कि गाजा में तैनात एक नई वायु रक्षा प्रणाली को इजरायली हमलों के खिलाफ सक्रिय कर दिया गया है।

अल-कसम ब्रिगेड ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि उसने इजरायली विमानों का मुकाबला करने के लिए ऑपरेशन अल-अक्सा फ्लड में मेटबार 1 मॉडल की एक घरेलू वायु रक्षा प्रणाली पेश की है।

एक लघु वीडियो में कई नकाबपोश सदस्यों को वायु रक्षा प्रणाली का उपयोग करके मिसाइलें लॉन्च करते हुए दिखाया गया है। इस बीच, इज़रायली मीडिया आउटलेट्स ने कहा कि इज़रायली सेना इज़रायली शहरों में 40 से अधिक आतंकवादियों का पीछा कर रही है।

इजरायली सैन्य अनुमानों का हवाला देते हुए, इजरायली मीडिया आउटलेट्स ने बताया कि सुबह शुरू होने वाले आश्चर्यजनक हमले की योजना एक साल से बनाई जा रही थी। लगभग 800 से 1,000 अल-कसम लड़ाके इजरायल के 20 गांवों और 11 ठिकानों में घुस गए थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दर्दनाक हादसा : तीन वाहनों के बीच भीषण भिड़ंत, 7 लोगों की मौत

**बेंगलुरू (आरएनएस)।** कर्नाटक के विजयनगर में एक सडक़ हादसे में 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक विजयनगर के होसपेट के पास तीन गाडिय़ों की टक्कर हो गई। माइनिंग में लगे दो टिपर लॉरी और एक क्रूजर के बीच भीषण भिड़ंत हो गई। बताया जाता है कि क्रूजर में 13 लोग सवार थे। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विजयनगर के एसपी श्रीबाबू ने बताया कि घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

### राजधानी दिल्ली में गैंगवार: हत्या करने आए गैंगस्टरों पर चाकुओं और पत्थरों से हमला, दो की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नई दिल्ली के अशोक विहार इलाके में दो समूहों के बीच हुई कथित झड़प में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि उत्तर पश्चिमी दिल्ली के अशोक विहार इलाके से दो समूहों के बीच झड़प की सूचना मिली थी। इस झड़प में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रघु और भूरा के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, रात करीब आठ बजे अशोक विहार के जेलर वाला बाग में निजी दुश्मनी को लेकर रघु और भूरा ने रविकांत उर्फ डबलू पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि रघु और भूरा ने डबलू पर गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया। इसके कुछ देर बाद डबलू के साथियों ने रघु और भूरा पर चाकुओं और पत्थरों से हमला कर दिया। किसी ने उन पर गोलियां भी चला दीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### संजय सिंह को नहीं मिली राहत, हिरासत अवधि बढ़ी-सांसद को एनकाऊंटर का डर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को मंगलवार को भी राहत नहीं मिली और कोर्ट ने उनकी हिरासत की अवधि को बढ़ा दिया। मतलब संजय सिंह अभी और ईडी की हिरासत में रहेंगे। दिल्ली शराब घोटाले में राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आप सांसद संजय सिंह की हिरासत 3 दिन के लिए बढ़ा दी है। विशेष सीबीआई जज एमके नागपाल के कोर्ट में पेश हुए संजय सिंह ने कोर्ट में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा अगर बाहर मेरा एनकाउंटर हो जाएगा तो किसकी जिम्मेदारी होगी। इसके जवाब में ईडी ने कहा है कि इसकी जिम्मेदारी हमारी होगी। उन्होंने कहा कि ईडी ने उन्हें बाहर ले जाने का प्रयास किया, जिसपर कोर्ट ने कहा कि बिना सूचना दिए ईडी उन्हें कहीं नहीं ले जा सकती। शराब घोटाले में संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने उनके दो और करीबियों से भी पूछताछ की गई है। सर्वेश मिश्रा और विवेक त्यागी से भी ईडी ने लंबी पूछताछ की है, साथ ही दिनेश अरोड़ा और संजय सिंह को आमने सामने बैठाकर पूछताछ की गई। श्वष्ठ का दावा है कि सर्वेश मिश्रा के जरिए ही 2 करोड रुपए संजय सिंह को पहुंचाए गए थे।

### मनी लांड्रिंग मामले में वीवो मोबाइल्स पर एक्शन, चीनी नागरिक समेत चार लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय ने चीनी स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी वीवी के खिलाफ शिकंजा कसा है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक चीन का नागरिक है। ईडी ने पिछले साल फरवरी में इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। केंद्रीय एजेंसी का आरोप है कि वीवो ने भारत में टैक्स की अदायगी से बचने के लिए 62,476 करोड़ रुपये को 'गैरकानूनी' तरीके से चीन में ट्रांसफर किया था। गिरफ्तार आरोपियों में एक लावा इंटरनेशनल के एमडी भी हैं। लावा भारतीय मोबाइल कंपनी है। सूत्रों के मुताबिक एजेंसी ने जिन लोगों को अरेस्ट किया है, उनमें चीनी नागरिक एंड्रयू कुआंग, लावा इंटरनेशनल के एमडी हरि ओम राय और राजन मलिक एवं नितिन गर्ग नाम के चार्टर्ड अकाउंटेंट को अरेस्ट किया गया है। ईडी का यह ऐक्शन वीवो मोबाइल्स पर एक साल से भी ज्यादा समय पहले मारी गई रेड के बाद आया है।

## पीजीआई नेहरू अस्पताल में लगी भीषण आग, कर्मचारियों की सूझबूझ से बची 415 मरीजों की जान



**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के चंडीगढ़ में पीजीआई नेहरू अस्पताल में आज सुबह तडक़े भीषण आग लग गई है। आग बुझाने के लिए दमकल की गाडिय़ां मौके पर मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि कंप्यूटर रूम में रखे बैटरी की वजह से आग लगी है। ये आग इतनी भयानक थी, कि अस्पताल की पहली मंजिल पूरी तरह आग की चपेट में आ गई। हालांकि गनीमत रही कि किसी भी मरीज या अन्य की जान नहीं गई। आग लगते ही कर्मियों ने सभी मरीजों को बाहर निकाल लिया।

सिविल डिफेंस डिपार्टमेंट के संजीव कोहली ने बताया, हमें सूचना मिली थी कि नेहरू बिल्डिंग की पहली मंजिल में आग लगी है जिसके बाद हमने सबसे पहले पीजीआई को खाली कराया। सारी मंजिल साफ है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। हमने सभी मरीजों को बचाया है। आग काबू में है। वहीं, पीजीआई के निदेशक डॉ. विवेक लाल ने बताया, आग कम्प्यूटर रूम के क्क्स् सिस्टम की बैटरी में लगी जो काफी तेज़ी से पहली मंजिल पर पूरी तरह फैल गई। अस्पताल प्रशासन ने आनन-फानन में तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे में एक भी मरीज की जान नहीं गई है। अस्पताल के सभी कर्मियों ने मिलकर आधे घंटे में करीब 415 मरीजों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। सूचना मिलते ही चंडीगढ़ प्रशासन तुरंत हरकत में आया और दमकल की गाडिय़ां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया। अब स्थिति नियंत्रण में है। हमने बहाली प्रक्रिया भी फिर से शुरू कर दी है।

## सुरक्षाबलों की बड़ी कार्यवाई : मुठभेड़ में मार गिराए लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकी



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने कहा कि मारे गए आतंकवादियों में से एक इस वर्ष की शुरुआत में कथित रूप से एक कश्मीरी पंडित की हत्या में शामिल है।

गौरतलब है कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के अचन इलाके में 26 फरवरी को संदिग्ध आतंकवादियों ने एटीएम गार्ड के रूप में काम करने वाले कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने कहा कि मोरीफात मकबूल और जाजिम फारूक उर्फ अबरार नाम के दो आतंकवादी मंगलवार को शोपियां मुठभेड़ में मारे गए और उनमें से एक शर्मा की हत्या में शामिल था। एडीजीपी कुमार ने कहा कि आतंकवादी अबरार कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल था।

आतंकवादियों के बारे में सूचना प्राप्त होने के बाद संयुक्त बलों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया जिसके बाद शोपियां के अलशीपुरा इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई। पुलिस ने एक्स पर एक कहा कि मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी मारे गए। तलाशी अभियान जारी है।

### लद्दाख में हिमस्खलन की चपेट में आई सेना की ट्रेनिंग टीम, एक जवान की मौत, 3 लापता

**श्रीनगर (आरएनएस)।** लद्दाख के कुन पर्वतीय क्षेत्र में भारतीय सेना की एक प्रशिक्षण टीम के हिमस्खलन में फंस जाने से एक सैनिक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लापता हैं। रक्षा सूत्रों ने कहा कि हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल (एचएडब्ल्यूएस) और सेना की एडवेंचर विंग के लगभग 40 सैन्य कर्मियों की एक टुकड़ी माउंट कुन के पास नियमित प्रशिक्षण गतिविधियों में लगी हुई थी, जब यह दुर्घटना हुई।

इस सीजऩ के दौरान इस तरह के अभ्यास मानक अभ्यास हैं, जिसका लक्ष्य 'ट्रेन द ट्रेनर' अवधारणा के हिस्से के रूप में एचएडब्ल्यूएस प्रतिभागियों के लिए यथार्थवादी पर्वतारोहण प्रशिक्षण प्रदान करना है। सूत्रों ने कहा, समूह को 8 अक्टूबर को प्रशिक्षण चढ़ाई के दौरान अप्रत्याशित हिमस्खलन का सामना करना पड़ा।

हमारे चार समर्पित कर्मी नीचे फंसे हुए है। तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया और अभी भी जारी है। सूत्रों ने कहा, हिमस्खलन की चपेट में आए एक व्यक्ति का शव एक खोज अभियान में बरामद कर लिया गया है। उन्होंने कहा, खराब मौसम और भारी बर्फ के नीचे फंसे अन्य लोगों का पता लगाने और उन्हें निकालने के लिए खोज और बचाव अभियान जारी है।

## जीएमसी, जीडीए को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश : बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एस्क्रो खाते में 30 करोड़ रुपए जमा करें



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने गाजियाबाद नगर निगम (जीएमसी) और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) को नागरिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एस्क्रो खाते में 30 करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.वी. एन.भट्टी की पीठ ने जीएमसी और जीडीए को छह सप्ताह के भीतर क्रमश: 10 करोड़ रुपये और 20 करोड़ रुपये जमा करने को कहा। इसमें कहा गया है कि इस राशि का उपयोग ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सीवेज उपचार संयंत्रों की स्थापना के लिए किया जाएगा।

पीठ की शुरू में राय थी कि जीएमसी और जीडीए दोनों 50 करोड़ रुपये जमा करें। हालांकि, जीएमसी के वकील ने कहा कि हाउस टैक्स के संग्रह के अलावा, उनके पास राजस्व का कोई अन्य स्रोत नहीं है, जिसके बाद उसने राशि कम कर दी।

शीर्ष अदालत ने 6 फरवरी को जीडीए से जिले के निवासियों से 'विकास शुल्क' के रूप में वर्षों से एकत्र की गई राशि और इसे कहां खर्च किया गया, इस पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी। जस्टिस खन्ना और एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने तब कहा था कि 'विकास शुल्क' के रूप में एकत्र की गई राशि प्राधिकरण द्वारा एक एस्क्रो खाते में जमा की जानी चाहिए और राशि का उपयोग केवल नागरिक बुनियादी ढांचे के निर्माण और स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए किया जाना चाहिए, न कि किसी अन्य उद्देश्य के लिए।

अध्यक्ष, न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) की पीठ ने पिछले साल 6 सितंबर को नागरिक एजेंसियों को मुआवजे के रूप में 200 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया था। जीएमसी को 150 करोड़ रुपये और जीडीए को शेष राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। इसने उन्हें जिला मजिस्ट्रेट के पास राशि जमा करने और एक समिति द्वारा उपचारात्मक उपायों के लिए उपयोग करने का निर्देश दिया था। ट्रिब्यूनल ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रिपोर्ट पर यह आदेश दिया था। ट्रिब्यूनल के आदेश को चुनौती देते हुए जीएमसी ने शीर्ष अदालत का रुख किया था।

## आप विधायक अमानतुल्लाह खान के ठिकानों पर ईडी की दबिश, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कसा शिकंजा




**दिल्ली (आरएनएस)।** आप के विधायक अमानतुल्लाह खान के घर पर ईडी ने छापेमारी की है। बता दें कि ईडी ने दिल्ली के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा दायर एक एफआईआर के आधार पर विधायक अमानतुल्ला खान के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच शुरू की थी। आज प्रवर्तन निदेशालय इसी मामले में अमानतुल्लाह खान के घर पर पहुंची है। श्वष्ठ ने ये रेड पिछले साल अमानतुल्ला खान के ऊपर लगे वक़्फ़ बोर्ड घोटाले को आधार बनाकर डाली है।

पिछले साल एन्टी करप्शन ब्यूरो ने अमानत से जुड़े 5 ठिकानों पर दिल्ली में रेड की थी। इस रेड के 12 लाख रुपये कैश, एक बिना लाइसेंसी बरेटा पिस्टल, और 2 अलग-अलग बोर के कारतूस बरामद हुए थे। प्रवर्तन निदेशालय ओखला से आम आदमी पार्टी विधायक अमानतुल्लाह खान के घर पर छापेमारी कर रही है। बता दें कि पिछले साल अमानतुल्लाह खान पर वक्फ बोर्ड की जमीन को लेकर घोटाला करने का आरोप लगा था। इसी आरोप को आधार बनाकर प्रवर्तन निदेशालय ने उनके घर पर यह छापा मारा है।

उनके घर की तलाशी के दौरान कुछ डायरियां बरामद हुईं थीं। ये डायरियां अमानतुल्लाह खान के करीबी के पास से मिली थीं, जिसमे हवाला ट्रांसजेक्शन की बात सामने आई थी। कुछ विदेश से भी ट्रांसजेक्शन के मामले सामने आए थे। एसीबी ने अपनी जांच ईडी के साथ शेयर की थी। बता दें कि अमानतुल्लाह खान को पिछले साल एसीबी ने गिरफ्तार किया था।

## पीएम नरेंद्र मोदी 16 अक्टूबर को देश की पहली रैपिडएक्स ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

### ❒ सीएम योगी भी करेंगे निरीक्षण



**मेरठ (आरएनएस)।** सपनों की रेल रैपिडएक्स ट्रेन में लोग नवरात्र से सफर कर सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 अक्तूबर को देश की पहली रैपिडएक्स ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। साहिबाबाद स्टेशन के सामने वसुंधरा सेक्टर-8 में प्रधानमंत्री की जनसभा होगी। कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां जोरों पर शुरू हो चुकी हैं।

दो दिन पहले मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश और एनसीआरटीसी के अधिकारियों के बीच हुई बैठक के बाद प्रशासन व पुलिस अधिकारी सक्रिय हो गए। अधिकारियों को रैपिडएक्स के उद्घाटन की तिथि 16 अक्तूबर मौखिक रूप से कही गई है।

सोमवार को पुलिस आयुक्त अजय मिश्र, डीएम राकेश कुमार सिंह, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह और तमाम अधिकारियों ने एनसीआरटीसी के पदाधिकारियों के साथ साहिबाबाद स्टेशन में सुरक्षा व्यवस्था देखी। इसके बाद रैपिडएक्स से साहिबाबाद से दुहाई तक के रूट का निरीक्षण किया। 12 अक्तूबर को मुख्यमंत्री सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने आएंगे।

एक-दो दिन में सही तिथि प्रशासन के पास पहुंच जाएगी। लिहाजा, पुलिस आयुक्त अजय मिश्र, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश पी. कुमार, डीएम राकेश कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी साहिबाबाद पहुंचे। अधिकारियों ने स्टेशन में टिकट काउंटर, चेकिंग प्वाइंट, सामान जांचने की एक्सरे मशीन देखने के बाद पीएम मोदी के आने-जाने का रास्ता देखा।

रैपिडएक्स का साहिबाबाद स्टेशन हर साल 4.5 लाख यूनिट बिजली पैदा करेगा। इस स्टेशन पर करीब 5400 वर्गमीटर क्षेत्रफल में रूफ सोलर पैनल लगाने का 90 फीसदी काम पूरा हो गया है। सोलर पैनल से मिलने वाली बिजली को स्टेशन की लाइटों के अलावा बिजली उपकरण चलाने में किया जाएगा। मेरठ के स्टेशनों पर भी सोलर पैनल लगाए जाएंगे। हालांकि स्टेशन और ट्रेन संचालन में बिजली की आपूर्ति के लिए एनसीआरटीसी ने विद्युत सब-स्टेशन लगाए हैं, लेकिन स्टेशनों पर उपयोग होने वाली लाइटों के लिए सौर ऊर्जा का इस्तेमाल किया जाएगा।

एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकरी पुनीत वत्स ने बताया कि साहिबाबाद स्टेशन की लंबाई 216 मीटर व चौडाई 25 मीटर है और स्टेशन की छत का आकार भी यही है। इसी रूफ शेड पर सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले दुहाई डिपो में सोलर पैनल लगाकर बिजली का उत्पादन शुरू किया जा चुका है। स्टेशनों पर सोलर पैनल लगाकर वैकल्पिक ऊर्जा का उत्पादन कर रोजाना की जरूरतों को पूरा किया जाएगा।

### प्राथमिकता वाले खंड पर किया जाएगा रैपिडएक्स संचालन

दुहाई से साहिबाबाद के बीच 17 किलोमीटर के प्राथमिकता खंड पर रैपिडएक्स ट्रेनों का यात्रियों के लिए संचालन शुरू करने की तैयारी तेज हो गई है। एनसीआरटीसी के अधिकारी इस खंड का कई बार निरीक्षण कर चुके हैं।